कार्यालय मिशन संचालक, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
विकास भवन, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)
Telephone no. 0771-2999525, E-mail id- sbmg.cg@gov.in, website -www.sbmgcg.in

क्र. 700 मि.सं. / एसबीएमजी / पायलट प्रोजेक्ट / 2021 रायपुर, दिनांक 14/12/21

प्रति,

परियोजना निदेशक
जिला पंचायत सह सदस्य सचिव,
जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
जिला– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ.ग.)

विषयः स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु स्वीकृति के संबंध में ।

संदर्भः आपका पत्र क्रमांक 4238 / डी.आर.डी.ए / जिस्वभामिग्रा / 2021–22 गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही दिनांक 17.11.2021

विषयान्तर्गत उपरोक्त पत्र के माध्यम से पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु निर्माण किये जाने वाले 4 सामुदायिक शौचालय के लिए चयनित स्थल एवं कोरिया मॉडल से निर्माण हेतु स्वीकृति राज्य से चाही गई है। जिले के कुल लक्ष्य 5 में से 1 पेण्ड्रा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बारीउमराव का निर्माण कार्य पूर्णता पर है । शेष 4 सामुदायिक शौचालय ग्राम पंचायत अडभार, बसंतपुर, कुडकई, कुदरी में निर्माण हेतु संदर्भित पत्र के माध्यम से प्राप्त चयनित स्थल का विवरण एवं संलग्न GI बेस रिपोर्ट के आधार पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की जाती है । कृपया 4 सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य मार्च –2022 तक अनिवार्यतः पूर्ण कराने की कार्यवाही करें ।

सामुदायिक शौचालयों का निर्माण हेतु जिले की भौगलिक स्थिति एवं चयनित स्थल के स्थिति को देखते हुए कोरिया मॉडल के ड्राईंग एवं एस्टीमेट में आवश्यक सुधार करते हुए निर्माण किया जा सकता है । सामुदायिक शौचालय के पास दैनिक उपयोग की सामग्री एवं अन्य सामग्री के विक्रय हेतु कुछ दूकान को भी संलग्न किया जा सकता है, जिससे रिवेन्यू भी प्राप्त होगा एवं दूकानदार को शौचालय का उपयोग एवं संधारण की जिम्मेदारी रहेगी । साथ ही दूकान से मासिक किराया भी ग्राम पंचायत को प्राप्त होगा जिससे सामुदायिक शौचालय का संधारण भी सहजता से हो सकेगा । उक्त सामुदायिक शौचालय के साथ आवश्यकतानुसार एक प्रतीक्षालय कक्ष का भी निर्माण किया जा सकता है।

उपरोक्तानुसार दिव्यांगजनों एवं तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु सामुदायिक शौचालय का निर्माण एस.बी.एम.जी के मार्गदर्शिका एवं समय समय पर प्रेषित दिशा–निर्देशों के अनुसार करने का कष्ट करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार ।

14/12/21

(सत्य नारायण राठौर)
मिशन संचालक
राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

पृ.क्र 701 मि.सं. / एसबीएमजी / पायलट प्रोजेक्ट / 2021 रायपुर, दिनांक 14/12/21

प्रतिलिपि :–

कलेक्टर सह अध्यक्ष प्रबंधन समिति जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला–गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही की ओर सूचनार्थ प्रेषित ।

मिशन संचालक
राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

कार्यालय परियोजना निदेशक जिला पंचायत सह सदस्य सचिव,
जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला–गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ0ग0)

क्र0 / 4238 / डी.आर.डी.ए. / जिस्वभामिग्रा / 2021–22 गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही दिनांक 17/11/2021

प्रति,

मिशन संचालक,
राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
विकास भवन, सेक्टर–19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

विषय :– स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अन्तर्गत दिव्यांगजनों एवं तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत स्वीकृत सामुदायिक शौचालय के संबंध में।

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक 561 / मि.सं. / एसबीएमजी / पायलट प्रोजेक्ट / 2021 रायपुर, दिनांक 12 / 11 / 2021

---000---

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से लेख है कि जिला–गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अन्तर्गत दिव्यांगजनों एवं तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत 05 सामुदायिक शौचालय स्वीकृत है जिसमें 01 का कार्य पूर्णता पर है। शेष में कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व स्थल निरीक्षण कर GI बेस सर्वे रिपोर्ट एवं कोरिया मॉडल पर दुकान सहित निर्माण करने की अनुमति हेतु ग्राम पंचायतवार विवरण निम्नानुसार है :–

क्र0	विकास खण्ड का नाम	ग्राम पंचायत का नाम	स्वीकृत राशि (लाख में)	प्रदाय राशि (लाख में)	प्रस्तावित स्थल
01	पेण्ड्रा	बारीउमराव	12.43	6.25 (बिलासपुर से)	ग्राम पंचायत क्षेत्र में निर्मित स्टेट हाईवे 04 पेण्ड्रारोड से कोरबा मुख्य मार्ग से लगा हुआ बसाहट के समीप है।
02		अडभार	12.43		सभी 04 प्रस्तावित सामुदायिक शौचालय स्थल स्टेट हाईवे 04 पेण्ड्रारोड से कोरबा मुख्य मार्ग से लगा हुआ बसाहट के समीप है।
03		बसंतपुर	12.43		
04		कुड़कई	12.43		
05		कुदरी	12.43		

टीप :– उपरोक्त निर्माण कार्य हेतु राशि दिनांक 27 / 10 / 2021 को 40% राशि प्राप्त हुआ है।

संलग्न :– 1. GI बेस सर्वे रिपोर्ट छायाप्रति।
2. कोरिया जिला में स्वीकृत मानक प्राक्कलन छायाप्रति।

17/11/2021

परियोजना निदेशक
जिला पंचायत डी.आर.डी.ए.
गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही(छ0ग0)

पृ.क्रं0 / 4239 / डी.आर.डी.ए. / जिस्वभामिग्रा / 2021–22 गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, दिनांक 17/11/2021

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर सह अध्यक्ष प्रबंधन समिति जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ0ग0) की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।

17/11/2021

परियोजना निदेशक
जिला पंचायत डी.आर.डी.ए.
गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही(छ0ग0)

O/o Mission Director SBM-G
No.- 6957
Date- 01/12/2021
S.C./ A.O./ Con.(R)/ Con.(P)/ Con.(M)/ Con.(MO)/ SIRD(A)
Mission Director

Scanned with CamScanner